तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 22 दिसंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 बारगांव के बूथों पर चला पोलियो अभियान दी गई बच्चों ...





11 बारगांव के युवाओं ने विभिन्न विधाओं ...




# मनरेगा का नाम बदलना गरीबों से रोजगार का अधिकार छीनने की साजिश : कांग्रेस

## कांग्रेस ने किया केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलकर "जी राम जी" किए जाने के विरोध में कांग्रेस ने रविवार को जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर के हृदय स्थल पुराना बस स्टैंड स्थित नगर घड़ी चौक पर एकत्र होकर केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ नारेबाजी की और विरोध दर्ज कराया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि यह केवल योजना के नाम का परिवर्तन नहीं है, बल्कि मोदी सरकार दबे पांव मनरेगा जैसे ऐतिहासिक कानून को कमजोर करने की साजिश कर रही है। मनरेगा ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को 100 दिन के रोजगार की कानूनी गारंटी देता है, जिसे समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत ग्राम पंचायतों को अपनी आवश्यकता अनुसार विकास कार्य चुनने की स्वतंत्रता थी, मजदूरों को पूरे मजदूरी का भुगतान मिलता था और इस योजना का संपूर्ण आर्थिक भार केंद्र सरकार वहन करती थी। लेकिन प्रस्तावित "जी राम जी" योजना में न तो काम की कोई गारंटी है और न ही केंद्र सरकार की स्पष्ट जवाबदेही। केंद्र सरकार इस नई योजना में केवल 40 प्रतिशत राशि देगी, जबकि 60 प्रतिशत भार राज्यों पर डाला जाएगा, जो पहले से आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।छाबड़ा ने कहा कि ऐसी स्थिति में कई राज्य इस योजना को लागू करने से बचेंगे ▶▶| शेष पेज 11 पर



### ये रहे उपस्थित

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेता सुरेंद्र तिवारी, अवनीश राघव, टी.आर. जनार्दन, ललित विश्वकर्मा, सुमन गोस्वामी, मंगत साहू, प्रांजल तिवारी, चंद्रप्रकाश साहू, जोगेंद्र छाबड़ा, मनोज शर्मा, शशि प्रभा गायकवाड़, सुशीला जोशी, रीता पांडे, झम्मन बघेल, राजू साहू, नवीन ताम्रकार, सुनील नामदेव, प्रकाश ठाकुर, ऋषि वर्मा, मोहित वर्मा, रमाकांत साहू, दिनेश जोशी, जगजीत सिंह, बलराम साहू, नारायण छाबड़ा, राजकुमार बंजारे, निलेश राजपूत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### डिवाइडर से लोहे के ग्रिल उड़ा ले गया चोर

**भिलाई।** उतई-पाटन मार्ग के डिवाइडर में लगे लोहे के ग्रिल की चोरी का मामला सामने आया है। अज्ञात ने ग्रिल को पार कर दिया। इसके बाद लोक निर्माण विभाग ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। नेवई पुलिस ने बताया कि उतई-पाटन मार्ग पर लगे लोहे के ग्रिल की चोरी हो गई। चोरी से लोक निर्माण विभाग में हड़कंप मच गया है। सीएसवीटीयू मुक्तिधाम से लेकर सीआईएसएफ क्षेत्र तक सड़क पर डिवाइडर में लगी लोहे की ग्रिल लगा था, जिसे अज्ञात ने पार कर दिया। पुलिस के मुताबिक उतई-पाटन मार्ग में लगे सीआईएसएफ कैंटीन मोड़ तक कुल 244 नग ग्रिल की चोरी हुई। वहीं सीआईएसएफ गेट नंबर-3 से सीआईएसएफ भिलाई तक 22 नग ग्रिल गायब है। कुल 266 नग ग्रील की चोरी हुई है। प्रत्येक ग्रील का वजन करीब 50 किलोग्राम है।

### स्कूली छात्रों में मारपीट अपराध दर्ज

**भिलाई।** स्कूली छात्रों के आपसी रंजिश को लेकर चाकूबाजी की घटना सामने आई है। घटना में एक छात्र के बड़े भाई को काफी चोटें आई हैं। पद्मनाभपुर पुलिस के मुताबिक खालसा स्कूल के एक छात्र का अन्य दूसरे स्कूल के छात्र से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद उस समय शांत हो गया, लेकिन थोडे देर बाद अपने 10 से 11 दोस्तों के साथ भीड़ जुटा लिया। पीडित पर 19 दिसंबर को अचानक चाकू से हमला कर दिया। हमला इतना अचानक हुआ कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सभी छात्र नाबालिग है। 11वीं और 12वीं में अलग-अलग स्कूल में पढ़ते है। हमले के दौरान जब खालसा स्कूल के छात्र का बड़ा भाई केशव बीच-बचाव के लिए पहुंचा। छात्रों के मुताबिक पूरा मामला एक मामूली विवाद के कारण उपजा था।

### अहाता संचालक ने आरक्षक से की मारपीट

**भिलाई।** शराब भठ्ठी के पास बाथरूम करने वाले आरक्षक के साथ जमकर मारपीट कर जेब में रखे रकम को निकलने का मामला सामने आया है।शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दारा धारा 309(6) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि 15 दिसंबर की रात शराब अहाते का संचालक और उसके साथियों ने मिलकर आरक्षक हरि नगर कातुलबोर्ड दुर्ग निवासी मोहम्मद कैफ से जमकर मारपीट की।

## विकास : किसानों के लिए सुविधाओं की सौगात

# सहकारिता को नई ताकत : आधुनिक सुविधाओं युक्त, जिला सहकारी बैंक के भवन का लोकार्पण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय के कोबिया वार्ड में रविवार का दिन सहकारिता और किसानों के लिए ऐतिहासिक बन गया, जब जिला सहकारी बैंक के नवनिर्मित भवन व 6 एटीएम का विधिवत लोकार्पण किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार,पूजा-अर्चना और हवन के साथ अतिथियों ने फीता काटकर नए भवन को क्षेत्र के किसानों, ग्रामीणों और सहकारी समितियों को समर्पित किया। लोकार्पण अवसर पर आयोजित विशाल सभा में सहकारिता को पुनः सशक्त बनाने, किसानों के हितों की रक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

- जिले में 6 एटीएम की सुविधा, किया गया उद्घाटन

इस कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ नवनियुक्त उपाध्यक्ष नरेश यदु, विधायक दीपेश साहू, विधायक ईश्वर साहू, राजककार बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद रजक, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरहिया,पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू, प्रदेश आर्थिक प्रकोष्ठ के संयोजक शिव चंद्राकर,जनपद अध्यक्ष हेमा दिवाकर, संजीव तिवारी, हर्षवर्धन तिवारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, बैंक अधिकारी, सहकारी समिति पदाधिकारी और किसान मौजूद रहे।

### किसानों के लिए मजबूत सहकारिता ही सरकार का लक्ष्य - प्रीतपाल बेलचंदन

सभा को संबोधित करते हुए जिला सहकारी बैंक के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने कहा कि अविभाजित दुर्ग जिले में सहकारिता आंदोलन को नई दिशा और मजबूती दी जाएगी। बेमेतरा में जिला सहकारी बैंक के अपने भवन का लोकार्पण और जिले में 6 नए एटीएम की शुरुआत किसानों और आमजनों के लिए बड़ी सुविधा है, जिससे बैंकिंग सेवाएं गांव-गांव तक सहज रूप से उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि सहकारिता केवल बैंकिंग व्यवस्था नहीं, बल्कि किसानों की आर्थिक रीढ़ है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में सहकारिता को गंभीर नुकसान पहुंचाया गया, चुनाव प्रक्रियाओं को रोककर समितियों और किसानों के अधिकारों को दबाया गया, जिससे यह व्यवस्था कमजोर होती चली गई। अब उस नुकसान की भरपाई करते हुए सहकारिता को फिर से सशक्त किया जाएगा और किसानों को उनका वास्तविक अधिकार दिलाया जाएगा। बेलचंदन ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से सहकारिता को बढ़ावा मिला, जिसका परिणाम है कि आज दुर्ग जिला सहकारी बैंक देश के शीर्ष 10 अग्रणीय सहकारी बैंकों में शामिल है। उन्होंने कहा कि ठाकुर प्यारेलाल जी की जयंती के अवसर पर उनके विचारों को आत्मसात करते हुए सहकारिता आंदोलन को और अधिक जनहितकारी बनाया जाएगा। उन्होंने केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह और प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि इनके मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में सहकारिता को नई ऊर्जा मिली है। उन्होंने सभी बैंक अधिकारियों और समिति प्रतिनिधियों से नियमों का पालन करते हुए पारदर्शिता और ईमानदारी से कार्य करने का आह्वान किया।

### वर्षों पुरानी मांग पूरी, सहकारिता को मिला स्थायी ठिकाना: दीपेश साहू

विधायक दीपेश साहू ने अपने संबोधन में कहा कि जिला सहकारी बैंक लंबे समय से अपने स्वयं के भवन के अभाव में संचालित हो रहा था। किसान, सहकारिता से जुड़े लोग और आम नागरिक वर्षों से इसकी मांग कर रहे थे, जो आज साकार हुई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने, उन्हें सस्ती और सुलभ ऋण सुविधा देने तथा सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। धान खरीदी, ऋण वितरण, समय पर भुगतान और डिजिटल बैंकिंग जैसी उपलब्धियां सरकार की किसान-हितैषी सोच को दर्शाती हैं। सभा को विधायक ईश्वर साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि सहकारिता किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। भाजयुमो अध्यक्ष राहुल टिकरहिया एवं राजक कार बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद रजक ने कहा कि सहकारी बैंक ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक विकास की धुरी है और नए भवन से बैंक की कार्यक्षमता और सेवा गुणवत्ता में वृद्धि होगी। पूर्व विधायक अवधेश चंदेल और नवनियुक्त उपाध्यक्ष नरेश यदु ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि सहकारिता को राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त रखकर पारदर्शी और जनहितकारी बनाया जाएगा। ▶▶| शेष पेज 11 पर



# पुलिस की अभिनव पहल उड़ान से 15 युवा युवतियों को आरक्षक भर्ती में सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेमेतरा पुलिस की अभिनव पहल 'उड़ान से निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे जिले के 15 युवा-युवतियों ने छत्तीसगढ़ जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग भर्ती परीक्षा में सफलता हासिल की है। इस उपलब्धि पर रक्षित केंद्र में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जहां रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो सहित प्रशिक्षण देने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों ने चयनित अभ्यर्थियों को सम्मानित कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

- रक्षित केंद्र बेमेतरा में सफल अभ्यर्थियों का सम्मान, पुलिस अधिकारियों ने दी शुभकामनाएं

रक्षित केंद्र बेमेतरा में संचालित 'उड़ान' प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के 80 युवा-युवतियों ने पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया। इनमें से 05 युवतियां और 10 युवक आरक्षक भर्ती में चयनित हुए। सफल अभ्यर्थियों में हेमंत (ग्राम बिलाई), ओमप्रकाश (घठोली), सोमदेव वर्मा (अमोरा), विकास यदु (बहेरा), ललित ध्रुव (करमन), खिलेश्वर साहू (नवागांव खुडमुडी), त्रिवेणी यादव (नवलपुर), रुखमणी साहू (मोहरेंगा), सीमा मिर्चे (पेण्ड्री), रामदयाल चक्रधारी व ओमकार चक्रधारी (संवरी), लक्ष्मी निर्मलकर (करचुवा), शिवा मंडावी (कुरदा) शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि बेमेतरा पुलिस द्वारा युवाओं को पुलिस बल एवं भारतीय सैन्य बलों (अग्निवीर) में भर्ती हेतु शारीरिक और बौद्धिक रूप से सक्षम बनाने के उद्देश्य से जनवरी 2024 से 'उड़ान' पहल की शुरुआत की गई थी। प्रशिक्षण प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से 10 बजे तक (चार घंटे) संचालित किया गया। इसमें दौड़, लंबी कूद, शॉटपुट जैसी शारीरिक दक्षता की तकनीकी जानकारी के साथ-साथ लिखित परीक्षा की तैयारी विषय विशेषज्ञों द्वारा कराई गई। इसके अलावा वरिष्ठ अधिकारियों ने समय-समय पर मोटिवेशन क्लास लेकर युवाओं का उत्साहवर्धन किया।

### इनका रहा महत्वपूर्ण योगदान

इस निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो के साथ आरक्षक तारणदास घितोडे, पारसमणि साहू, रेखन साहू, चंद्रेश साहू, पीलाराम साहू, सुरेन्द्र भारती, जयकुमार गुप्ता, मिथुन चंद्रवंशी, श्रवण चंद्राकर, महिला आरक्षक निकिता वैष्णव सहित अन्य स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। बेमेतरा पुलिस की यह पहल जिले के युवाओं के लिए नई उड़ान साबित हो रही है, जिससे वे अपने माता-पिता और जिले का नाम रोशन कर रहे हैं।

# जिला में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ 21 दिसम्बर 100 बिस्तर मातृ एवं शिशु अस्पताल में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। शुभारंभ कार्यक्रम नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंचस्थ अतिथियों द्वारा बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया।

- तीन दिवसीय अभियान में 0 से 5 वर्ष तक के 96 हजार 085 बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

कार्यक्रम में अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर, सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू, नोडल अधिकारी डॉ. बी.एल. राज, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. शरद कोहाडे, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री लता बंजारे, पार्षद सुश्री नीतु कोठारी, अस्पताल सलाहकार डॉ. स्वाति यदु, बीईई प्रकाश भारती, जिला मीडिया प्रभारी संजय तिवारी, बूथ टीम के सदस्य, अभिभावकगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### तीन दिवसीय सघन अभियान

जिले में सघन पल्स पोलियो अभियान तीन दिनों तक संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत शून्य से 05 वर्ष तक की आयु के कुल 96,085 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जिले में कुल 801 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। साथ ही 14 ट्रांजिट टीमें एवं 4 मेला-बाजार के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। अभियान के पहले दिन 21 दिसम्बर 2025 को सभी पोलियो बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। ▶▶| शेष पेज 11 पर




**खबर संक्षेप**

### बालगीत का विमोचन समारोह 21 को

**भिलाई।** अगासदिया और वैभव प्रकाशन के संयुक्त तत्वावधान में बाल गीतकार कमलेश चंद्राकर के पांचवें बालगीत संग्रह मम्मा मेरी सुनो जरा का विमोचन 21 दिसंबर को भिलाई निवास में दोपहर 3 बजे किया जाएगा। दिल्ली के अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बाल साहित्य सरजक दिविक रमेश विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा करेंगे। वरिष्ठ साहित्यकार रवि श्रीवा्भावना, दर्पण पत्रिका के संपादक गिरीश पंकज विशेष अतिथि होंगे। वहीं दुर्ग के वरिष्ठ साहित्यकार गुलबीर भाटिया तथा चर्चित व्यंग्यकार विनोद साव वक्ता होंगे। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुधीर शर्मा कृति समीक्षा करेंगे। स्वयं सिद्धा संगठन की अध्यक्षा साहित्यकार डॉ. सोनाली चक्रवर्ती कार्यक्रम संचालन करेंगी।

### पवन केसवानी को नारद राष्ट्रीय पत्रकारिता सम्मान

**भिलाई।** पवन केसवानी को नारद



राष्ट्रीय पत्रकारिता सम्मान प्रदान किया गया। उन्हें यह सम्मान आचार्य सूर्य सागर द्वारा दिया गया। इस मौके पर देश भर के अनेक जाने-माने साहित्यकार, लेखक, धर्म शास्त्री मौजूद थे। शाश्वत हिंदू जागृति के वड़ोदरा में हुए राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान वरिष्ठ पत्रकार पवन केसवानी को पत्रकारिता के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए ये सम्मान दिया गया।

### कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज का सम्मेलन आज

**भिलाई।** कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच मानव आश्रम सेक्टर एक में कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में रविवार को सुबह 10.30 बजे पारिवारिक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि एफएसएनएल भिलाई के मैनेजिंग डायरेक्टर सुनील दीक्षित और विशिष्ट अतिथि सेल रिफेक्ट्रीज प्लांट के मुख्य महाप्रबंधक विशाल शुक्ल होंगे। सम्मेलन में विवाह योग्य युवक युवितयों को अपने व्यक्तत्व को समाज के सामने रखने के लिए मंच प्रदान किया जाएगा।

# भिलाई की बेटी साक्षी की ऊंची उड़ान, रेलवे आईआरएमएस में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

इंजीनियरिंग सर्विसेज़ एग्ज़ामिनेशन (ईएसई) 2025 का अंतिम परिणाम घोषित हो गया है। इस परीक्षा में सिविल इंजीनियरिंग के 202 अभ्यर्थियों ने सफलता दर्ज की है । भिलाई की प्रतिभाशाली बेटी साक्षी मुदलियार ने ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 28 प्राप्त कर शहर और राज्य का नाम रौशन किया है। इस उत्कृष्ट रैंक के साथ साक्षी को भारतीय रेलवेवेज में आईआरएमएस कैडर में नियुक्ति मिलेगी, जो देश की सबसे प्रतिष्ठित तकनीकी सेवाओं में से एक है। साक्षी का कहना है कि ईएसई जैसे प्रतिष्ठित एक्जाम में कामयाबी कड़ी मेहनत और लगन का फल है। दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा ट्रांसपोर्ट नेटवर्क भारतीय रेलवे का अनुभव का यादगार हो सकता है।

उल्लेखनीय है कि साक्षी मुदलियार वर्तमान में मिनिस्ट्री ऑफ़ डिफ़ेंस में असिस्टेंट डायरेक्टर के पद पर नागपुर स्थित आर्मी स्टेशन में कार्यरत हैं। इस पद पर उनका चयन ईएसई 2022 परीक्षा के माध्यम से हुआ था। ईएसई 2025 में मिली यह नई सफलता उनके निरंतर परिश्रम और उत्कृष्टता की मिसाल है। भिलाई में पढ़ी होनहार साक्षी के पिता वीएसटी रमन, भिलाई के बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-10 में गणित के वरिष्ठ व्याख्याता रह चुके हैं। मां आशा मुदलियार, वर्तमान में राजनांदगांव ज़िले के खैरझिटी स्थित उच्चतर माध्यमिक शाला में प्राचार्या हैं। साक्षी मुदलियार की बड़ी बहन डॉ. ऋचा आईआईटी कानपुर से पीएचडी उपाधि प्राप्त हैं।



### निरंतर अध्ययन से मिली सफलता

प्रतिभावान साक्षी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा डीपीएस रिसाली, भिलाई से प्राप्त की तथा उच्च शिक्षा के लिए एनआईटी रायपुर से अध्ययन किया। आरंभ से ही उनकी अकादमिक पृष्ठभूमि मजबूत रही है, जिसका प्रतिफल आज राष्ट्रीय स्तर की इस सफलता के रूप में सामने आया है। साक्षी बताती हैं कि अखिल भारतीय सेवा से जुड़ी इस बड़ी उपलब्धी के पीछे मेरी कड़ी मेहनत और लगन है। अनुशासन, निरंतर अध्ययन और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता का मूल मंत्र है। इसका श्रेय सुदृढ़ पारिवारिक पृष्ठभूमि को देती हैं। उनके लिए डिफेंस की तरह भारतीय रेलवे से जुड़ना एक यादगार अनुभव हो सकता है।

## शहर की बसाहट बढ़ने के साथ छोटे पड़ने लगे बस स्टैंड

# बस स्टैंड के लिए तरस रही ट्विनसिटी फोरलेन के किनारे खड़ी हो रहीं बसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

लंबे समय से ट्विनसिटी एक अदद बस स्टैंड के लिए तरस रही है। इस मामले में नगर निगम और जन प्रतिनिधि उदासीन बने हुए हैं। इसका खामियाजा यात्रियों सहित शहर के अन्य संबंधितों को भुगतना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि पिछले बीस पच्चीस साल के दौरान भिलाई दुर्ग दोनों ही शहरों का विस्तार तेजी से हुआ है। ट्विनसिटी के चारों ओर सैकड़ों कालोनियां विकसित हो गई हैं। दोनों शहरों की आबादी पंद्रह से पच्चीस लाख हो गई है। यानि भिलाई दुर्ग के आलावा आसपास के गांवों से भी हजारों यात्री रोज यहां से सफर करते हैं। इस दौरान दोनों ही शहरों के बस स्टैंड छोटे पड़ने लगे हैं। इस कारण यात्रियों के साथ चालक आदि ट्रांसपोर्ट कर्मियों और अन्य लोगों को असुविधा और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके बाद भी भिलाई निगम और दुर्ग नगर निगम प्रशासन द्वारा नये बस स्टैंड निर्माण कराने की जहमत अब तक नहीं उठाई गई है। जबकि करीबन एक दशक पूर्व दुर्ग में नया बस स्टैंड प्रस्तावित है और भिलाई में भी नए बस स्टैंड की मांग पिछले कई साल से की जा रही है। पार्षदों ने जल्द बस स्टैंड निर्माण की मांग की है। भिलाई ननि के पार्षद केशव चौबे बताते हैं कि भिलाई में यात्रियों और बस ट्रांसपोर्ट कर्मचारियों की परेशानी को देखते हुए पावरहाउस के अलावा जल्द एक नए बस स्टैंड का निर्माण किया जाना जरूरी है।

**रोज पांच सौ महानगरीय व रात्रिकालीन लग्जरी बसों की आवाजाही**




### दुर्ग में तीसरी बार बदलेगा बस स्टैंड

दुर्ग में नगर निगम द्वारा पिछले एक दशक से पोटियाकला बस्ती के निकट नए बस स्टैंड के लिए स्थल चिन्हांकिया गया था। यहां तीसरी बार होगा, जब बस स्टैंड को दूसरी जगह शिफ्ट किया जाएगा। हालाकि अब तक यह योजना ठंडे बस्ते में है। वर्तमान बस स्टैंड 45 साल पुराना हो चुका है। यहां से आवाजाही करने वाली लोकल महानगरीय व अंतराज्यीय बसों के लिए जगह छोटी पड़ रही है। यहां से रोजाना करीबन पांच सौ बसें गुजरती हैं। वर्तमान बस स्टैंड के पहले बस स्टैंड पुराना कोतवाली थाना के सामने था। पूर्व पार्षद लिखन साहू ने बताया कि नए शहर में नया बस स्टैंड पोटिया में प्रस्तावित है लेकिन अब तक निगम के पहल नहीं करने से यात्रियों को परेशानी हो रही है।

### छोटा पड़ने लगा पावर हाउस स्टैंड

भिलाई में पिछले साठ साल से पावर हाउस में बस स्टैंड स्थिति है, लेकिन शहर की आबादी बढ़ने से यह क्षमता के मुताबिक छोटा पड़ने लगा है। अब वहां बस कम ठहरने से लोगों ने अवैध कब्जा करके उसे और छोटा कर दिया है। ट्रकों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और गैराज के विस्तार से बसों के ठहरने की जगह ही नहीं बच पा रही है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि 25 साल पूर्व राज्य परिवहन निगम की बसों का संचालन बंद होने के बाद से ही बस स्टैंड अनुपयोगी होने से कब्जों की बाढ़ आ गई है। टिकट बुकिंग आफिस कम प्रतीक्षालय भवन में भिलाई निगम का आफिस तन गया था। बस स्टैंड के छोटा पड़ने से रापनि बसों के बंद होने के बाद से ही महानगरीय बसों और रात्रिकालीन लंबी दूरी के बसों को बाहर फोरलेन के किनारे बतौर बस स्टाफ खड़ा करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि 1995 में 8 माह के लिए बस स्डैंट का संचालन भिलाई निगम के सिटी बस स्टैंड परिसर में भी किया गया था, लेकिन यह प्रयोग सफल नहीं हो सका।

# भारत को आत्मनिर्भर बनाने कार्यकर्ताओं में भरा जोश




हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई के द्वारा अहिवारा विधानसभा स्तरीय कार्यशाला का आयोजन मुरमुंडा के मंगल भवन में किया गया। मुख्य अतिथि अभिषेक सिंह पूर्व सांसद राजनंदगांव थे। अध्यक्षता पुरुषोत्तम देवांगन अध्यक्ष भाजपा जिला भिलाई) ने की। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में डोमन लाल कोर्सेवड़ा विधायक अहिवारा, रामजी भारती भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिलाई जिला प्रभारी, पूर्व विधायक अहिवारा सांवला राम डाहरे, पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू, सरस्वती बंजारे अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग और रविशंकर सिंह शामिल हुए।

आत्मनिर्भर भारत का प्रस्तावना अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के बीएलए-1 और भाजपा जिला भिलाई के प्रवक्ता प्रेम लाल साहू ने प्रस्तुत किया । पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार विकास की ओर बढ़ रही है। भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमको स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना होगा। आज भारत आर्थिक दृष्टिकोण से विश्व में तीसरे स्थान पर पहुंच चुका है। कोई विदेशी हमारे देश का प्रधानमंत्री नहीं चुन सकता, इसके लिए एसआईआर बहुत जरूरी है। रामजी भारती ने कहा कि पार्टी गाइड लाइन के अनुसार कार्य करते हुए संगठन को मजबूत करना है। 2047 में भारत को विकसित भारत बनाना है तो भारत को आत्मनिर्भर बनाना होगा जिसके लिए हम सब को बूथ स्तर में काम करना पड़ेगा। अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने कहा कि अहिवारा विधानसभा में कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर विधानसभा में विकास की नई गाथा लिखेंगे। जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के निर्देशों का पालन करते प्रत्येक कार्य को करेंगे। चाहे आत्मनिर्भर भारत अभियान हो, चाहे मतदाता गहन पुनरीक्षण का काम हो, अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म जयंती तक प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित है। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता प्रेम लाल साहू ने तथा आभार प्रदर्शन मुरमुंदा मंडल अध्यक्ष कुमन लाल साहू ने किया।

इस अवसर पर अहिवारा नपा उपाध्यक्ष अशोक बाफना, पूर्व नपाध्यक्ष द्वय शशिकांत बघेल व रेख राम बंछोर, जनपद अध्यक्ष धमधा लीमन साहू, जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र यादव, नेता प्रतिपक्ष राम खिलावन वर्मा आदि उपस्थित थे।

# भिलाई रत्न सम्मान से अलंकृत हुए दिनकर बसोतिया




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्स्ट्रीज भिलाई द्वारा आयोजित गौरव दिवस समारोह में पूरे छत्तीसगढ़ से व्यापारी शामिल हुए। कार्यक्रम में व्यापार, उद्योग, महिला सशक्तिकरण एवं युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने से जुड़े विभिन्न विषयों पर सारगर्भित सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम में भिलाई चेम्बर के चेयरमेन दिनकर बसोतिया को प्रदेश के सबसे बड़े सेल डीलर होने एवं युवाओं को प्रेरित करने वाले नेतृत्व के लिए भिलाई रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया। वहीं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन ने भिलाई चैंबर के उत्कृष्ट आयोजन की सराहना करते हुए चेंबर रत्न सम्मान प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया।

व्यापार और समाज में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रकाश सांखला, अशोक राठी, सुनील मध्यानी, कांतिलाल बोदरा, शिव चंद्राकर एवं सीए पायल जैन को चेंबर गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चैंबर प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि भिलाई चैंबर गौरव दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के व्यापारी समाज की एकजुटता, सम्मान और सामूहिक प्रगति का प्रतीक है। प्रदेशभर से आए व्यापारियों की उपस्थिति यह दर्शाती है कि चैंबर व्यापार, उद्योग

# रिटेंशन : सैकड़ों उम्रदराज कहां रहें, किराया बढ़ने से असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा रिटेंशनधारियों का भारी किराया राशि बढ़ाने से निरंतर असंतोष बढ़ रहा है। यूनियनों ने प्रबंधन से तत्काल बढ़ाई गई राशि वापस लेने की मांग की है। ऐसा नही किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। वहीं दूसरी ओर रिटंशनधारियों ने सांसद विजय बघेल व पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय से मिलकर राहत दिलाने की मांग की है। दोनों वरिष्ठ नेताओं ने केंद्र व राज्य सरकार से बात कर जल्द समाधान दिलवाने का भरोसा दिलाया है।

- **जनप्रतिनिधियों ने प्रबंधन पर बढ़ाया दबाव**

बीएसपी प्रबंधन ने टाउनशिप में निवासरत रिटेंशनधारियों व थर्ड पार्टी आदि का आवासीय किराया करीबन तीन गुना बढ़ा दिया है। इससे बीएसपी के सेवानिवृत्त कर्माचारियों में भारी चिंता और असंतोष है। सैकड़ों उम्रदराज रहवासी यह सोचकर परेशान हैं कि इतनी बड़ी राशि वे कहां से जुटाएंगे। क्योंकि सेवानिवृत्ति पर मिली पैसे बच्चों के नौकरी व विवाह आदि में खर्च हो गए। सांसद को तत्काल केंद्र व राज्य सरकार से चर्चा कर समस्या का निदान कराना चाहिए। वहीं दूसरी ओर बीएसपी के रिटेंशन मामले को लेकर दुर्ग सांसद विजय बघेल बीएसपी अधिकारियों के साथ बैठक कर निदान के लिए प्रयास कर रहे हैं। बैठक में पूर्व स्पीकर प्रेम प्रकाश पांडे भी उपस्थित थे। सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह ने बताया कि सांसद विजय बघेल ने बीएसपी कर्मचारियों की गंभीर समस्या को प्रमुखता से रखते हुए अधिकारियों को इस विषय का जल्द न्यायसंगत एवं स्थायी समाधान निकालने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि यदि बीएसपी प्रबंधन द्वारा जनता के हित में न्याय नहीं किया गया, तो वे स्वयं जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर विरोध प्रदर्शन एवं आंदोलन के मार्ग पर चलने को बाध्य होंगे।



### जनविरोधी नीतियों के खिलाफ देवेंद्र का सत्याग्रह शुरू

रिटेंशन स्कीम के नए नियम को वापस लेने सहित सेक्टर 9 हास्पिटल के निजीकरण, मिनिमम वेज और हाउस फाल आल सेकीम को लेकर विधायक देवेंद्र यादव ने आज सिविक सेंटर पार्किंग स्थल पर गांधीवादी तरीके से दो दिवसीय सत्याग्रह शुरू किया। वे बीएसपी प्रबंधन द्वारा हाल ही लिए गए निर्णय और नीतियों को जनविरोधी बताते हुए विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस के स्थानीय नेता और यूनियन के अनेक प्रतिनिधियों ने मंच पर आकर विधायक के शांतिपूर्ण बीएसपी प्रबंधन के निर्णय का विरोध किया है। विधायक देवेंद्र यादव 20 और 21 दिसंबर को गांधीवादी तरीके से उपवास कर रहे हैं। देवेंद्र यादव का कहना है कि बीएसपी प्रबंधन की जनविरोधी नीतियोंके खिलाफ लोगों को एकजुट होकर विरोध करना होगा। प्रबंधन बजट में कटौती कर कार्मिकों, ठेका श्रमिकों, सेवानिवृत्त और पूर्व कार्मिकों को दी जाने वाली शिक्षा, चिकित्सा और आवास जैसे अनिवार्य और महत्वपूर्ण सुविधाओं में कटौती कर रही है। लीज और रिटेंशन स्कीम के तहत आबंटित आवास की शर्तों में बदलाव कर किराए की दर में मनमानी बढ़ोतरी की गई है, लीजधारियों को नोटिस जारी कर आवास खाली करने हेतु दबाव बनाया जा रहा है।

### तत्काल राहत दें : शर्मा

समाजवादी जनता पार्टी (चंद्रशेखर) के राष्ट्रीय महासचिव आरपी शर्मा ने भिलाई इस्पात संयंत्र के रिटेंशनधारियों के भारी किराया वृद्धि को लेकर सांसद विजय बघेल पर शिथिलता बरतने का आरोप लगाया है। अपनी दीर्घ सेवा व पसीने से बीएसपी के विकास में योगदान ने वाले सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मियों को तत्काल राहत दिलाने केंद्र सरकार से बात करने की मांग की है। चेताया है कि यदि सांसद ने दिल्ली जाकर ठोस पहल नहीं की तो लोग सड़क पर उतरेंगे।

# पूर्व मुख्यमंत्री मोतीलाल वोरा रहे धैर्य और निष्ठा के परिचायक : ताम्रध्वज




हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

धैर्य और निष्ठा के परिचायक रहे पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व राज्यपाल मोतीलाल वोरा की जयंती राजेंद्र पार्क चौक स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा स्थल पर मनाई गई। आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक देवेंद्र यादव, भिलाई मेयर देवेंद्र यादव, दुर्ग के पूर्व महापौर और वर्तमान में कांग्रेस के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल प्रमुख रूप से शामिल हुए।

- **स्व. मोतीलाल वोरा की जयंती पर दी श्रद्धांजलि**

कार्यक्रम में पूर्व विधायक और उनके बेटे अरुण वोरा ने जानकारी दी कि कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी तथा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पत्र के माध्यम से मोतीलाल वोरा के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की उपस्थिति में राजीव भवन रायपुर में भी पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने पूर्व मुख्यमंत्री मोतीलाल वोरा के कार्यों का स्मरण किया। साथ ही अपने अनुभवों से अवगत कराया। पूर्व महाधिवक्ता कनक तिवारी ने कहा कि उनकी स्मृति में अपने लेखों की एक किताब लिखी है। वह किताब उनकी स्मृति को समर्पित है। कार्यक्रम में उनके बड़े बेटे अरविंद्र वोरा, सुमित व संदीप वोरा, पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन, धर्मेंद्र यादव, पूर्व मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, पूर्व विधायक प्रतिभा चंद्राकर, ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व महापौर शंकर ताम्रकार, राजेंद्र साहू, दीपक दुबे, अय्यूब खान, साईं मंदिर समिति के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ, बृजकिशोर शर्मा, शमीम अहमद सहित अन्य मौजूद थे।

## पुलिस कंट्रोल में आयोजित कार्यक्रम में एसएसपी विजय अग्रवाल ने भी की शिरकत

# दुर्ग पुलिस की सटीक जांच से मिली सजा, पुलिस जवान पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

एसएसपी विजय अग्रवाल ने जिले में हत्या, बलात्कार, पॉक्सो एक्ट, एनडीपीएस, अन्य गंभीर मामलों में न्यायालय ने दोषियों को उम्रकैद, सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। ये सभी फैसले पुलिस की सटीक और जांच का परिणाम होने पर भिलाई पुलिस नियंत्रण कक्ष में पुलिस जवानों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान निरीक्षक, उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारियों को पुरस्कृत कर नकद इनाम भी दिया गया। एसएसपी विजय अग्रवाल ने कहा कि कानून का सही क्रियान्वयन तभी संभव है। जब विवेचना मजबूत, निष्पक्ष और तकनीकी रूप से सुदृढ़ हो। उन्होंने जोर दिया कि दुर्ग पुलिस ने सटीक साक्ष्य और ईमानदार जांच से अपराधियों को सजा दिलाने में सफलता पाई है। एसएसपी ने सभी जांच को भविष्य में ई-साक्ष्य, डिजिटल एविडेंस, तकनीकी साधनों का बेहतर उपयोग करने के निर्देश दिए। प्रकरण में सभी पहलुओं की गहराई से जांच कर 60 से 90 दिनों की निर्धारित अवधि में चालान न्यायालय में पेश किया जाए। थाना नंदिनी नगर के एक मामले में आरोपी सूर्यकांत वर्मा को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और 1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। थाना दुर्ग के एक अन्य हत्या प्रकरण में राकेश साहू और अन्य आरोपियों को धारा 302/34 के तहत आजीवन कारावास तथा धारा 307/34 के तहत 7 वर्ष का कारावास दिया गया।

- **भविष्य में डिजिटल एविडेंस के उपयोग का निर्देश**



### पॉक्सो, बलात्कार और अपहरण में सजा

थाना कुम्हारी के मामले में मनप्रीत सिंह और गायत्री साहू को सामूहिक रूप से उम्रकैद और अर्थदंड से दंडित किया गया। मोहन नगर में आरोपी विनय प्रताप ठाकुर उर्फ ईशु और थाना पुलगांव में शुभम रजक उर्फ सन्नी रजक को हत्या के साथ आर्म्स एक्ट के तहत भी अलग-अलग सजा सुनाई गई। हत्या के प्रयास के मामलों में भी कोर्ट ने सख्ती दिखाई। पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र में चंद्रशेखर यादव उर्फ चिंटू को तीन मामलों में 7-7 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा दी गई, जबकि पुलगांव में अशोक पारधी को 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। अन्य मामलों में दोषियों को 1 से 10 वर्ष तक की सजा दी गई।

### महिलाओं और बच्चों के मामले में भी मिला न्याय

महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों में दुर्ग पुलिस की जांच ने न्याय सुनिश्चित किया। थाना सुपेला और पुरानी भिलाई के पॉक्सो मामलों में दोषियों को 20-20 वर्ष की सश्रम कारावास दी गई। जबकि उतई थाना क्षेत्र में आरोपी को 10 वर्ष की सश्रम सजा सुनाई गई। बलात्कार और अपहरण से जुड़े मामलों में भी अदालत ने कठोर निर्णय दिए। अपहरण, डकैती और एनडीपीएस मामलों में भी सख्त कार्रवाई की गई। अपहरण के मामलों में पॉक्सो एक्ट के तहत 20 वर्ष तक की सजा दी गई। डकैती के मामलों में सश्रम कारावास के साथ अर्थदंड लगाया गया। जबकि एनडीपीएस प्रकरणों में आरोपियों को कारावास और भारी जुर्माने से दंडित किया गया।

# सांसद खेल महोत्सव 23 से 25 तक, चयनित खिलाड़ी कुश्ती, वेटलिफ्टिंग और कबड्डी में दिखायेंगे दमखम

**भिलाई।** जिले में सांसद खेल महोत्सव 2025 अंतर्गत चौथे चरण के अंतर्गत लोकसभा स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 25 दिसम्बर तक आयोजित किया जायेगा। दुर्ग लोकसभा के अंतर्गत आने वाले जिला दुर्ग एवं बेमेतरा के 9 विधानसभा क्षेत्रों दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, वैशाली नगर, भिलाई, पाटन, अहिवारा, साजा, बेमेतरा एवं नवागढ़ के विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी इस दल में शामिल होंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन 23 दिसम्बर को सुबह 10 बजे रविशंकर स्टेडियम, दुर्ग में आयोजित किया जाएगा, जहां सभी विधानसभा खिलाड़ी दलों को अपने प्रभारी अधिकारियों और ऑफिशियल्स के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशन में आयोजन के लिए विभिन्न अधिकारियों को महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व सौंपे गए हैं। आयुक्त नगर पालिक निगम दुर्ग को रविशंकर स्टेडियम में उद्घाटन व समापन की पूरी व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई एवं महात्मा गांधी विद्यालय में आयोजित होने वाली कुश्ती व वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए आवश्यक समन्वय करने निर्देश दिये गए है।

# बाजार मूल्य के निर्धारण में कुओं, बोर जैसी परिसंपत्ति की अनदेखी

## आठ गांव के 300 से ज्यादा ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को गिनाई कमियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

जिले के 7 गांव के 300 से अधिक किसानों का सामूहिक आवेदन प्रशासन को सौंपकर परिसंपत्ति के आधार पर बाजार मूल्य का निर्धारण की मांग की है। उन्होंने समानता, पारदर्शिता एवं भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने की अपील की है। पुरई, पाउवारा, कोड़िया, चंदखुरी, भानपुरी, चंगोरी, बिरझर एवं थनौद के लगभग 300 से अधिक किसानों ने वर्ष 2025–26 की नवीन गाइडलाइन दरों तथा भूमि अर्जन, भूमि मूल्यांकन प्रक्रिया में हालिया परिवर्तनों को लेकर जिला पंजीयक प्रियंका श्रीरंगे को भी प्रतिलिपि सौंपी।

किसानों ने अपने आवेदन में स्पष्ट किया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि का वास्तविक बाजार मूल्य केवल भूमि से निर्धारित नहीं होता, बल्कि उस पर स्थित कुओं, बोर, ट्यूबवेल, बाड़ी, फलदार वृक्ष, सब्जी, खेती के पौधे, बाउंड्रीवॉल, प्लिंथ, मकान, जलकौध एवं अन्य जलनिकाय व संरचनाएं मूल्य निर्धारण का अभिन्न हिस्सा हैं। इन परिसंपत्तियों को भूमि मूल्यांकन से पृथक या सीमित करना अन्यायपूर्ण होगा तथा इससे वास्तविक बाजार मूल्य परिलक्षित नहीं होगा।

### दो फसली जमीन का 25 प्रतिशत अतिरिक्त मूल्यांकन हो

किसानों ने कहा कि दो-फसली भूमि पर प्रस्तावित 25% अतिरिक्त मूल्य लाभ को यथावत रखा जाए तथा उपरोक्त सभी संरचनाओं एवं संसाधनों का मूल्य भूमि मूल्य में पूर्ववत पूर्ण रूप से सम्मिलित किया जाए। 20 नवंबर को ग्रामीण क्षेत्रों में वर्गमीटर के स्थान पर हेक्टेयर दर से मूल्यांकन किए जाने के निर्णय पर आपत्ति दर्ज करते हुए किसानों ने कहा कि ग्रामीण भूमि की प्रकृति, उपयोग एवं विविधता को देखते हुए वर्गमीटर आधारित प्रणाली अधिक पारदर्शी, व्यावहारिक एवं न्यायसंगत है, अतः इसे ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए रखा जाना चाहिए।

### नई गाइडलाइन में निर्धारित दरें अनुपयुक्त

किसानों ने कहा कि 2025–26 की नवीन गाइडलाइन दरें ग्रामीण हित में उपयुक्त हैं। इनमें किसी प्रकार की कटौती स्वीकार्य नहीं है। यदि किसी प्रकार का संशोधन आवश्यक हो, तो वह केवल समान भौगोलिक एवं बाजार परिस्थितियों वाले सटे ग्रामों में संतुलन हेतु किया जाए, न कि किसी ग्राम की दर घटाने के लिए। भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि समान परिस्थितियों में अलग-अलग दरें निर्धारित करना समानता के अधिकार का उल्लंघन है।

### मांगों की अनदेखी पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

किसानों ने मांगों की अनदेखी किए जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। पुरई से दुर्गेश ठाकुर, भानपुरी से राजूलाल देशमुख, चंदखुरी से धर्मेंद्र देशमुख, पउवारा से धर्मेंद्र साहू, थनौद से दीपक, चंगोरी से तोरणराम ठाकुर सहित अन्य किसानों ने रेल परियोजना में दमनात्मक प्रक्रिया अपनाई जा रही है। उनका विरोध पूर्णतः शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक एवं वैधानिक है। वे विकास के विरोधी नहीं हैं, बल्कि ऐसा विकास चाहते हैं, जो न्यायपूर्ण, पारदर्शी, संवैधानिक समानता पर आधारित हो।

## खबर संक्षेप



### छग सर्व समाज संगठन की त्रैवार्षिक आम चुनाव की घोषणा

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के त्रैवार्षिक आम चुनाव-2025 के आम चुनाव की घोषणा के साथ मतदाता सूची का प्रकाशन 20 दिसंबर को मुख्य चुनाव अधिकारी प्रेमचंद देवांगन की उपस्थिति में निर्वाचन कार्यक्रम सामुदायिक भवन बड़ा शिव मंदिर पांच बिल्डिंग में किया गया। उक्त चुनाव में अध्यक्ष 1, उपाध्यक्ष1, सचिव 1, कोषाध्यक्ष 1, संयुक्त सचिव 1 पद का निर्वाचन होगा। मतदान का 25 दिसंबर को दोपहर 12 से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। घोषणा अनुसार छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के त्रैवार्षिक आमचुनाव एवं आमसभा 25 दिसंबर को आयोजित है। मतदाता चुनाव प्रकाशन के दौरा संगठन के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष मेघनाथ यादव, प्रदेश संयोजक ब्रम्हदेव पटेल, प्रदेश महामंत्री लखन लाल साहू, कोषाध्यक्ष जीवन सिन्हा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुरूप साहू, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष भानु प्रताप यादव एवं मेघदत्त साहू उपस्थित थे। यह जानकारी संगठन के चुनाव कार्यक्रम मीडिया प्रभारी भानु प्रताप यादव ने दी।

### महाप्रभु वल्लभाचार्य के अवतरण की पावन भूमि भी है छत्तीसगढ़ : डॉ. शर्मा

**भिलाई।** साहित्याचार्य, शिक्षाविद् एवं लेखक आचार्य डॉ.महेशचन्द्र शर्मा चम्पारण की सांस्कृतिक और साहित्यिक यात्रा कर लौटे। डॉ. शर्मा ने बताया कि चम्पा पुष्पों की अधिकता वाले वनों और उपवनों के कारण छत्तीसगढ़ की पावन धरती चम्पारण्य कहलाती थी। इस आध्यात्मिक यात्रा में डॉ. शर्मा की पत्नी श्रीमती रजनी गौरी शर्मा भी साथ थीं। डॉ. शर्मा ने बताया कि इसी पावन भूमि पर ही शताब्दियों पहले महाप्रभु वल्लभाचार्य अवतरित हुये। चम्पारण तीर्थ स्थल राजधानी से 50 किमी दूरी पर स्थित है । स्वयंभू चम्पेश्वर शिव के अलावा यहां श्रीराम और श्रीकृष्ण आदि के भी भव्य मंदिर हैं। महादेव शिव यहां के इष्टदेव हैं। प्राकृतिक वनस्पतियों और बड़ी संख्या में गौशालाओं के कारण ये छत्तीसगढ़ का वृन्दावन भी कहलाता है।

### राऊत नाचा एवं कर्मा नृत्य में मिला प्रथम स्थान सहित सुवा नृत्य, लोकगीत एवं पारंपरिक वेशभूषा में रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

# बारगांव के युवाओं ने विभिन्न विधाओं में दिखाई अपनी बहुआयामी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶बेमेतरा




जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कंतेली में आयोजित किया गया जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारगांव के विद्यार्थियों ने विभिन्न विधाओं में भाग लेकर अपने कला के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसमें राऊत नाचा में प्रथम स्थान, कर्मा नृत्य में प्रथम स्थान सहित सुवा नृत्य, लोकगीत एवं पारंपरिक वेशभूषा में अपनी प्रतित्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

बारगांव विद्यालय के युवाओं द्वारा राउत नाचा में रंग-बिरंगी परिधानों में लाठी और गढ़वा बाजा वाद्ययंत्रों के साथ आकर्षक दोहे बोलते हुए नृत्य पुस्तुत किया कर्मा नृत्य में छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ी पारंपरिक पोशाक के साथ सिर पर कलगी, मोर पंख और माथे पर बंधा कौड़ी से बना पट्टा, गले गौठला माला, और पुराने सिक्कों से बने रुपिया माला है के साथ वाद्ययंत्र मांदार, ढोल, ताशा, निशान, और झांझ, मंजीरा बजाते कर्मा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी साथ ही सुआ नृत्य में छात्राओ द्वारा सुआ नृत्य की पारंपरिक वेशभूषा से सुज्जित, मोर पंख की रंग बिरंगी कलगी, करधन, सिक्का माला एवं कौड़ी पटिया लगाकर सुआ नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी जिसके उपरांत राऊत नृत्य दल एवं कर्मा नृत्य दल को उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान आने पर उपस्थित अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### राज्य स्तर में करेंगे अपने कला का प्रदर्शन

बारगांव विद्यालय के राउत नृत्य दल एवं कर्मा नृत्य दल व्यायाम शिक्षिका तुलसी साहू के नेतृत्व में बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेकर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी कला, संस्कृति प्रतिभा का करेंगे उत्कृष्ट प्रदर्शन बारगांव संकुल प्रभारी सुरेन्द्र पटेल सहित मिडिल स्कूल एवं प्राथमिक स्कूल के प्रधानपाठक रामायण ध्रुव (बारगांव), राजेश कुमार, नकुल कुमार(बलौदी), अजय शंकर मिर्चे(मटिया), शाबीर अली (पिपरोलडीह) का विद्यार्थियों के तैयारीयो में रहा विशेष सहयोग । व्यायाम शिक्षिका तुलसी साहू ने विद्यालय के विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि युवा उत्सव केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं की प्रतिभा, सांस्कृतिक चेतना और आत्मविश्वास को मंच प्रदान करने का सशक्त माध्यम है, ग्रामीण अंचलों से आए युवाओं को अपनी कला और हुनर प्रस्तुत करने का यह सुनहरा अवसर है, आयोजन युवाओं को अपनी कला, सांस्कृतिक एवं अपनी छिपी हुई प्रतिभाओ को दिखाने एवं राष्ट्रीय एकता और भाई चारे को बढ़ावा देने और किताबी ज्ञान से परे बहुमुखी प्रतिभा विकसित करने का एक शानदार मंच प्रदान करता है, जिसमें नवाचार, संगीत, नृत्य, साहित्य, कला और विज्ञान जैसी कई गतिविधि शामिल होती है, इससे युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ाता है और वे समाज में सकारात्मक योगदान के लिए प्रेरित होते है।

# शहीद वीर नारायण सिंह अन्याय शोषण और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष की जीवंत चेतना थेः दीपेश साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶बेमेतरा

दुर्ग रोड स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में शहीद वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस के अवसर पर आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

■ शहीद वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कार्यक्रम स्थल पर सर्व आदिवासी समाज द्वारा अतिथियों का पारंपरिक रीति-रिवाजों एवं वेशभूषा के साथ आत्मीय स्वागत किया गया। विधायक दीपेश साहू एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने शहीद वीर नारायण सिंह के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को नमन किया।

### अंग्रेजी हुकूमत का किया पूरजोर विरोध

विधायक दीपेश साहू ने अपने संबोधन में कहा कि वीर नारायण सिंह अन्याय और शोषण के विरुद्ध संघर्ष की जीवंत प्रतीक थे। उन्होंने आदिवासी समाज के अधिकार, स्वाभिमान और आत्मसम्मान के लिए अदम्य साहस के साथ अंग्रेजी हुकूमत का सामना किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज जल, जंगल और जमीन का सच्चा संरक्षक है और उसकी जीवनशैली आज के समय में सतत विकास की दिशा दिखाती है। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह का बलिदान केवल आदिवासी समाज ही नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ और देश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को न्याय और सम्मान दिलाने की प्रेरणा हमें वीर नारायण सिंह के जीवन से मिलती है।

### ये रहे उपस्थित

अंत में अतिथियों ने सर्व आदिवासी समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर आर.एन. ध्रुव, मुरीत मांडवी, हिरऊ राम ध्रुव, दरबार सिंह नेताम, महादेव नेताम, पार्षद गौरव साहू, युगल देवांगन, रेवाराम निषाद सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नागरिकजन उपस्थित रहे।

# चिखली में नाली निर्माण के दौरान गड़बड़ी, रोजगार सहायक को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग



जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे ने चिखली और जेवरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों की गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा की गई। निरीक्षण में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी आवासों का निर्माण गुणवत्ता मानकों के अनुरूप एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। साथ ही मनरेगा अंतर्गत हितग्राहियों को 90 दिवस की मजदूरी राशि का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत चिखली में निर्माणाधीन कच्ची नाली में तकनीकी खामियां पाई गईं, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए रोजगार सहायक एवं तकनीकी सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

# प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि और शांति के लिए विधायक ने की प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

■ विधायक ललित ने 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में शामिल होकर दी आहुतियां

अंजोरा ख में आयोजित 24 कुण्डीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। उन्होंने मां गायत्री की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना की।



विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि गायत्री महायज्ञ एक ऐसा आयोजन है जो हमें अपने जीवन को पवित्र और सकारात्मक बनाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि मां गायत्री की पूजा अर्चना करने से हमें शांति, सुख और समृद्धि की प्राप्ति होती है। उन्होंने गायत्री परिवार के परिजनों को इस आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि यह आयोजन निश्चित रूप से प्रदेशवासियों के लिए एक पवित्र और सकारात्मक संदेश लेकर आएगा। सभी ने मिलकर मां गायत्री की पूजा अर्चना की और महा यज्ञ में अपनी आहुतियां अर्पित की। इस अवसर पर शांति कुंज टोली नायक डॉ. अशोक ढोटे, उपजोन समन्वयक एस पी सिंग, दुर्ग जिला समन्वयक लोकनाथ साहू, छग व उडिशा जोन संरक्षक के के विनोद सहित गायत्री परिवार के श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# श्रीराम कथा महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में

**भिलाई/जामुल।** शिवपुरी स्टेडियम जामुल में 28 दिसंबर से 6 जनवरी तक दोपहर 1 बजे से आयोजित होने वाले दिव्य श्रीराम कथा महोत्सव की समस्त तैयारियां अब निर्णायक पूर्णता के चरण में पहुंच चुकी हैं। इस नौ दिवसीय महोत्सव के कथा व्यास अयोध्या से पधारे सनातन धर्म एवं भारतीय संस्कृति के प्रख्यात विद्वान रामानुजाचार्य स्वामी डॉ. राघवाचार्य महाराज, श्रीधाम पीठाधीश्वर, श्रीराम लला सेवा सदन, रामकोट अयोध्या होंगे। कथा काल में देश के विभिन्न प्रांतों से संत, महंत, धर्माचार्य एवं विद्वत समाज की उपस्थिति आयोजन की गरिमा को और अधिक ऊंचाई प्रदान करेगी। आयोजन समिति के अनुसार प्रतिदिन 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं की संभावित उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए दो लाख वर्गफुट से अधिक क्षेत्रफल में निर्मित विराट पंडाल लगभग पूर्ण हो चुका है। बैठने की समुचित व्यवस्था, सुरक्षा के व्यापक इंतजाम, यातायात नियंत्रण, चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था की गई है। आयोजन का शुभारंभ 28 दिसंबर को 11,111 मातृशक्तियों द्वारा निकाली जाने वाली भव्य एवं ऐतिहासिक कलश यात्रा से होगा। यह यात्रा प्रातः 11 बजे शिवपुरी स्टेडियम से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर संपन्न होगी।




# ग्राहकों का हो रहा शोषण, हेल्थ और एजुकेशन सेक्टर में हो रही अनाप-शनाप वसूली, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा पखवाड़ा सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत आम उपभोक्ताओं को उनके अधिकार के प्रति जागरण किया जा रहा है। इसी तारतम्य में ग्राहक पंचायत ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें ग्राहकों को संबंधित विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा अनेक प्रकार के शोषण का आरोप लगाया गया। उनकी समय समय पर आकस्मिक जांच कर उपभोक्ताओं को शोषण होने से बचाया जाए।

■ अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



संस्था के प्रतिनिधि मंडल ने ग्राहक सुरक्षा एवं जागरूकता के लिए अभियान चलाए जाने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य रूप से पेट्रोल पंप की नियमित जांच, नापतौल, मिलावट, स्वच्छता, गुणवत्ता, पैकिंग एवं एक्सपायरी डेट की नियमित जांच, मरीजों के उपचार, बिलिंग, शैक्षणिक संस्थानों में मनमानी फीस वृद्धि सहित अन्य विषयों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर अध्यक्ष देवाशीष घोष, कृष्ण देशमुख, देवेंद्र कौशिक, धर्मेंद्र धामू, दिलीप देशमुख, संजय डहरवाल, गोपीचंद साहू, भैरू आवारे, अशोक कुमार माहौर, अक्षय वर्मा, देवनारायण वर्मा, रविंद्र दास कुलदीप चंद्रशेखर साहू, आनंद श्रीवास्तव, डॉ. झाम्रेश देशमुख, शिवकुमार निषाद, राहुल साहू, सुरेंद्र धमेकर, दिनेश साहू, प्रशांत जोशी आदि मौजूद थे।

### शहीद वीरनारायण के संघर्ष आज भी पीड़ितों का मार्गदर्शक

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति एवं मेहनतकश आवास अधिकार संघ के तत्वावधान में शहीद वीरनारायण सिंह का शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर परसामाजिक कार्यकर्ता एवं मानवाधिकार अधिवक्ता सुधा भारद्वाज द्वारा जेल में लिखी गई पुस्तक का विमोचन किया गया। कलादास डेहरीया ने बताया कि शहीदों की स्मृति को केवल श्रद्धांजलि तक सीमित न रखते हुए उनके संघर्षों को आज की जन-लड़ाइयों से जोड़ना होगा। ऐसे कार्यक्रमों का यही उद्देश्य है। प्रदेश किसान संघ के अध्यक्ष सुदेश टेकाम ने कहा कि शहीद वीरनारायण सिंह और शहीद शंकर गुहा नियोगी का संघर्ष शोषित-पीड़ित जनता के लिए आज भी मार्गदर्शक है।

## पेज 9 के शेष

### मनरेगा का नाम बदलना ...

जिसका सीधा नुकसान गरीब ग्रामीण मजदूरों को होगा। जिन हाथों को मनरेगा के माध्यम से 100 दिन का रोजगार मिलता था, अब उनके हाथ खाली रह जाएंगे। भाजपा सरकार हमेशा की तरह इस योजना का ढिंढोरा पीटेगी, लेकिन परिणाम सामने आने पर यह योजना भी "ढोल के अंदर पोल" की तरह खोखली साबित होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का विरोध महात्मा गांधी से है और गरीबों के सशक्तिकरण से है। कोरोना काल में मनरेगा ग्रामीण भारत की रीढ़ साबित हुई थी और देश की अर्थव्यवस्था को संबल देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। कांग्रेस पार्टी गरीब विरोधी इस फैसले का पुरजोर विरोध करती रहेगी।

### वर्षों पुरानी मांग पूरी, सहकारिता को ...

निरीक्षण किया और बैंक की आधुनिक सुविधाओं की ली जानकारी कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने नए भवन का निरीक्षण किया और बैंक की आधुनिक सुविधाओं की जानकारी ली। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन किया गया। कुल मिलाकर, जिला सहकारी बैंक के नए भवन का लोकार्पण बेमेतरा जिले में सहकारिता के स्वर्णिम भविष्य की मजबूत नींव माना जा रहा है, जिससे किसानों को न केवल बेहतर बैंकिंग सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलेगी। इस अवसर पर नथमल कोठारी,मूलचंद शर्मा, प्रकाश वर्मा, यशवंत साहू,पीताम्बर साहू ,योगेश वर्मा, गौरव साहू सहित बैंक के अधिकारी कर्मचारी,सहकारी समितियों के अध्यक्ष व क्षेत्र के किसान बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### जिला में राष्ट्रीय पल्स ...

दूसरे एवं तीसरे दिन 22 और 23 दिसम्बर 2025 को बूथ स्तर पर छूटे हुए बच्चों को टीकाकरण टीमों द्वारा घर-घर भ्रमण कर पोलियो की खुराक पिलाकर प्रतिरक्षित किया जाएगा।

अभिभावकों से जिम्मेदारी निभाने की अपील

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं और समय पर लगने वाले सभी टीकों के साथ-साथ पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं। उन्होंने जच्चा-बच्चा कार्ड को बैंक पासबुक की तरह सुरक्षित रखने की भी सलाह दी।

**शत-प्रतिशत उपलब्धि का लक्ष्यः** अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज ने उपस्थित अभिभावकों एवं जनसामान्य से अपील करते हुए कहा कि जिले का कोई भी बच्चा पोलियो की दो बूंद खुराक से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि बेमेतरा मैदानी जिला होने के कारण शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने की पूरी संभावना है। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से अपने शून्य से 05 वर्ष तक के बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर दवा पिलाने की अपील की, ताकि पोलियो का पुनः प्रवेश देश में न हो सके।

**मेले और पहुंचविहीन क्षेत्रों में भी व्यवस्था** : मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी दी कि बेमेतरा शहर के समीपस्थ ग्राम लोलेसरा में आयोजित कबीर पंथ मेला में भी पल्स पोलियो बूथ की व्यवस्था की गई है, ताकि मेले में आने वाले लक्षित आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो की खुराक दी जा सके। इसके अतिरिक्त जिले के पहुंचविहीन क्षेत्रों, ईंट भट्ठों, घुमंतू समूहों एवं मलिन बस्तियों में मोबाइल टीमों द्वारा बच्चों का चिन्हांकन कर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. शरद कोहाडे. ने बताया कि अभियान की सफलता सुनिश्चित करने हेतु जिला एवं विकासखंड स्तर से लेकर बूथ स्तर तक निगरानी एवं निरीक्षण के लिए अधिकारियों की टीम गठित की गई है। ये टीमें अभियान की सतत मॉनिटरिंग करेंगी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग, शिक्षा विभाग एवं मितानिन कार्यक्रम का सक्रिय सहयोग इस अभियान को मिल रहा है।

### कर्मकांड से स्वर्ग की प्राप्ति, लेकिन वो भी क्षणभंगुर रूपध्यान ही साधना का प्राण है : धामेश्वरी देवी

**भिलाई।** राधा कृष्ण मंदिर ब्रज मंडल सेक्टर 6 कालीबाड़ी के पास चल रही दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के दसवें दिन धामेश्वरी देवी ने बताया कि वेदों शास्त्रों में भगवद्प्राप्ति के 3 मार्गों को प्रशस्त किया गया है कर्ममार्ग, ज्ञानमार्ग और भक्तिमार्ग। कर्म मार्ग का विश्लेषण करते हुए उन्होंने कहा कि वेदों में अनेक कर्मकांडों का वर्णन मिलता है पूजा-पाठ, यज्ञ आदि, लेकिन वेदों में कर्मकांड की घोर निंदा भी की गई है। इसका कारण यह बताया कि कर्मकांड से स्वर्ग की प्राप्ति होती है लेकिन स्वर्ग भी क्षणभंगुर है मायिक है। इसलिए कर्मकांड करना घोर मूर्खता है कुछ लोग यज्ञ आदि करते हैं लेकिन वेदों में यज्ञ के लिए बड़े कड़े-कड़े नियम बताए गए हैं। सही स्थान, सही समय, सही तरीके से कमाया धन, उससे एकत्रित हवन सामग्री और आहूति डालते समय, वेद मंत्रों का ठीक-ठीक उच्चारण यदि नहीं होता तो यज्ञ करने वाले यजमान का नाश हो जाता है। इसके आगे ज्ञान मार्ग के बारे में बताया गया।



वेदों में ज्ञान के दो प्रकार बताए गए। एक शाब्दिक ज्ञान और दूसरा अनुभवात्मक ज्ञान। देवी ने बताया कि किसी भी विषय का शाब्दिक ज्ञान से है, लेकिन साधना द्वारा उसका अनुभव ना हुआ हो तो वह कोरी कल्पना ही समझिये।

## खबर संक्षेप

### नजूल की जमीन पर अतिक्रमण

**डोंगरगढ़।** अछोली में एक विशेष ने नजूल की जमीन पर कब्जा कर लिया है। पिछले 20 सालों में पहले झंडा लगा कर जगह को घेरना शुरू किया गया था। अब स्थाई निर्माण करते हुए मकान और दुकान भी बना लिया गया है। यहां धर्म विशेष के लोगों की आवाजाही बढ़ गई है। यहां विभिन्न धार्मिक आयोजन भी किए जा रहे हैं। वार्डवासी उक्त जगह को खाली कराने एकजुट हो रहे है। नगर पालिका के जनप्रतिनिधि जगह खाली कराकर बस स्टॉप के अलावा दुकान बनाने की तैयारी में हैं।

### सफाई कर पोस्टमार्टम भवन को बनाया उपयोगी

**अंबागढ़ चौकी।** स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत स्वच्छता दीदियों एवं नगर पंचायत के कर्मचारियों ने तीन घंटे तक श्रमदान कर पोस्टमार्टम भवन की सफाई कर उसकी तस्वीर बदल दी। सफाई के बाद यह भवन अब स्वास्थ्य एवं पुलिस कर्मियो के लिए उपयोगी हो गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के मार्गदर्शन में हर शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। बीते शनिवार को कर्मचारियों ने पोस्टमार्टम भवन में प्रातः 8 से 11 बजे तक सफाई अभियान चलाया। अभियान में नगर अध्यक्ष के अलावा सीएमओ विजय पांडेय, बीएमओ डॉ आरआर ध्रुवे, उपयंत्री योगेश्वरसिंह ठाकुर, लोकेश सलामे, सुनील कोमरे, प्रकाश खिलाडी, लिलेश ठाकुर, रामुकमार देवांगन, श्री खरे के अलावा बडी संख्या में स्वच्छता दीदी शामिल हुई।

### मेढ़ा में सुशासन शिविर आज

**मेंढ़ा।** सुशासन सप्ताह के तहत ग्राम पंचायत मेढ़ा में कल 22 दिसंबर को शिविर का आयोजन रखा गया है। शिविर में ग्रामीणों से समस्याओं, मांग और शिकायत के आवेदन लिया जायेगा। समस्याओं का निराकरण विभिन्न विभागों द्वारा किया जाएगा। ग्रामीणों को योजनाओं के बारे में बताया जाएगा।

### किसान करेंगे हर माह महापंचायत का आयोजन

**सड़क अतरिया।** क्षेत्र में प्रस्तावित श्री सीमेंट फैक्ट्री और स्थानीय किसानों के मध्य चल रहा विवाद अब आंदोलन में बदल चुका है। जब तक इस परियोजना को रद्द नहीं कर दिया जाता तब तक आंदोलन को जारी रखने का ऐलान किया गया है। अब हर माह किसानों को दिशा निर्देशित करने विचारपुर पंडरिया मैदान में महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। ज्ञात हो कि जनसुनवाई निरस्त होने के बाद किसान परियोजना को रद्द करने की मांग पर अड़े हैं। शनिवार को विचारपुर में आयोजित महापंचायत में अहम निर्णय लिया गया है। आंदोलन को गति देने के लिए स्थाई समिति गठित किया गया है जिसमे प्रभावित क्षेत्र के किसानों को शामिल किया गया है। इस समिति को किसान अधिकार संघर्ष समिति का नाम दिया गया है। समिति में संरक्षक पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, अधिवक्ता मोतीलाल जंघेल, संयोजक सुधीर गोलछा, अध्यक्ष पूर्व जनपद सदस्य लुकेश्वरी जंघेल को बनाया गया है। उपाध्यक्ष कामदेव जंघेल, प्रमोद सिंह ठाकुर, राजकुमार जंघेल बनाए गए हैं।

अभियान को सफल बनाने के लिए बारगांव के सभी स्कूलों में बनाया गया बूथ

# बारगांव के बूथों पर चला पोलियो अभियान दी गई बच्चों को पोलियो की खुराक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला



पल्स पोलियो अभियान के तहत बारगांव स्थित शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला बारगांव में 21 दिसंबर रविवार को 0 से 5 वर्ष तक के बच्चे को दवा पिलाया गया। अभियान को सफल बनाने के लिए बारगांव के सभी स्कूलों में बूथ बनाया गया था।

इस दौरान शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला बारगांव बूथ में अभियान की शुरुआत सेवानिवृत्ति ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी आरके वर्मा ने बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाकर की। उन्होंने नागरिकों से पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पोलियो एक जानलेवा बीमारी है। इसे जड़ से समाप्त करने की जिम्मेदारी हम सभी की है। नागरिकों से आह्वान किया कि वे अभियान को सफल बनाने में प्रशासन का सहयोग करें। सीएचओ चाँदनी मंडारे ने बताया कि भारत एक दशक से पोलियो मुक्त बना हुआ है, चूंकि पोलियो एक बहुत ही गंभीर और संक्रामक बीमारी है, इसलिए इससे बचने का सबसे अच्छा उपाय यही है कि पांच साल तक के बच्चों को हमेशा पोलियो ड्रॉप पिलाते रहें। पोलियो अभियान में इस बार ईंट भट्ठों और निर्माण इलाकों में विशेष तौर पर निगरानी कर पोलियो खुराक पिलाई जाएगी। यह रणनीति इसलिए बनाई गई है, क्योंकि मजदूर वर्ग के लोग काम खत्म होने के बाद जल्दी- जल्दी अपना जगह बदल लेते हैं। इसके चलते इनके बच्चे खुराक पीने से छूट जाते हैं। यहां यह बताना लाजिमी है कि 22 तथा 23 दिसंबर को घर घर जा कर छुटे हुए बच्चों को पोलियों की दो बूंद दवा पिलाई जाएगी।

### इनका रहा सहयोग

आयोजन को सफल बनाने में आरएचओ लिंगराज सूर्यवंशी, एएमटी विमला देवांगन, मितानिन मधु देवांगन, शारदा सेन, मीनताज बी, पार्वती यादव, ज्योति कुर्रे, रुखमणी पाल, सुनिता साहू, जयश्री ध्रुव, ईश्वरी वर्मा, नंदरानी वस्त्रकार, नूरी निषाद, देवकुंवर साहू का सहयोग रहा।

## बच्चों के खुशहाल स्वास्थ्य के लिए सरपंच ने पिलाया



**बेरला।** विकासखण्ड बेरला सहित ग्रामीण अंचल के शून्य से पांच वर्ष तक बच्चों को पल्स पोलियो की दो बूंद पिलाया गया। लिहाजा विकासखण्ड बेरला अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मोहभट्ठा में सरपंच केंवरा नरसिंग साहू ने बच्चों को पल्स पोलियो की दो बूंद पिला कर शुरुआत किया। सरपंच ने कहा कि पोलियो ड्रॉप्स का सेवन, जीवन को सुरक्षित करने का है बच्चों की जीवन रक्षक बूंद का अमृत पान करने का माध्यम बने। पल्स पोलियो अभियान के तहत 21 दिसंबर को बेरला सहित पूरे क्षेत्र के विभिन्न केंद्रों में पोलियो की ड्रॉप्स पिलाने के बाद 22 और 23 को स्वास्थ्य विभाग द्वारा घर-घर पहुंच कर ड्रॉप्स पिलाने की सुविधाओं का विस्तार किया गया है ताकि कोई भी बच्चा इस जीवन रक्षक दो बूंद से वंचित होकर किसी प्रकार का कोई जोखिम न ले और यही भावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए ग्राम पंचायत मोहभट्ठा के सरपंच केंवरा नरसिंग साहू द्वारा इस अभियान की शुरुआत करते हुए उपस्थित जनों से आग्रह पूर्वक निवेदन किया कि दो बूंद हमारे नवजात शिशुओं के जीवन की रक्षा कवच के रूप में इस्तेमाल होता है। जिसके लिए प्रत्येक माता-पिता सामने आकर अपने बच्चों को खुशहाल जीवन प्रदान करने का माध्यम बने हम सब भी आम जनमानस को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने के स्वास्थ्यगत सेवा को अपनाते हुए हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर होकर कार्य करने के लिए आगे आएंगे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत मोहभटठा सरपंच केंवरा नरसिंह साहू, स्वास्थ्य विभाग की कर्मचारी, आंगनवाड़ी, मितानिन समूह एवं समस्त ग्रामवासी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## बूथों पर बच्चों को पिलाई गई पोलियो की दवा



**थान खम्हरिया।** नगर पंचायत थान खम्हरिया के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को 21 दिसंबर सुबह 8 से शाम 5 बजे तक बूथ पर पोलियों की दवा पिलाई जा रही है। इस कार्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गैर सरकारी संगठन, नर्स, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता जैसे कई संस्थाएं सहयोग प्रदान कर रही है। जो जागरूकता फैलाने बूथ लगाने पर घर-घर जाकर दवा पिलाने और अभियान को सफल बनाने मदद कर करते हैं। जोनल अधिकारी डॉ. स्वदेश जयसवाल व सहायक जोनल अधिकारी कल्पना अग्रवाल ने बताया, पोलियो की दवाई, टिका बच्चों को जन्म के समय से शुरू होकर नियमित टीकाकरण के तहत कई चरणों में पिलाई जाती है। जिसमें जन्म के तुरंत बाद फिर 6, 10 और 14 सप्ताह की उम्र में और ओरल पोलियो वैक्सीन, डीपीजी की खुराक और उसके बाद बूस्टर खुराक शामिल होती हैं। ताकि बच्चों को पोलियो से पूरी तरह बचाया जा सके। यह अभियान का मुख्य उद्देश्य है। वहीं वार्ड क्रमांक 12 में नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता चंदन अग्रवाल, पार्षद टीकम अग्रवाल, ऋषि तिवारी, मधु दुबे, कुंती सिन्हा, नंदिनी सिन्हा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. स्वदेश जयसवाल, पत्रकार अनिल सिंघानिया ने पल्स पोलियो, बच्चों को पिलाकर अभियान की शुरुआत की खम्हरिया सेक्टर में 3047 बच्चों को पोलियो ड्राप की दवा पिलाई गई।

# 22वें ज्ञानोदय वार्षिक उत्सव में शिक्षा-संस्कार का अनुपम संगम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल में आयोजित 22वें वार्षिक समारोह 'ज्ञानोदय उत्सव' में शिक्षा, संस्कार और सांस्कृतिक विविधता का भव्य संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. अलका तिवारी ने अतिथियों एवं पालकों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय अपनी 22 वर्षों की शैक्षणिक यात्रा में निरंतर प्रगति कर रहा है। विगत पाँच वर्षों से बोर्ड परीक्षाओं की प्रदेश स्तरीय मेरिट सूची में विद्यार्थियों का चयन विद्यालय की सबसे बड़ी उपलब्धि है, जो शिक्षकों के समर्पण और विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू ने कहा कि ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार भी देता है। यह विद्यालय आज जिले का गौरव बन चुका है।

■ ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल जिले की शैक्षणिक पहचान : विधायक

जब प्रतिस्पर्धा और गुणवत्ता की बात आती है, तो ज्ञानोदय का नाम स्वतः सामने आता है।"कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राज्यमंत्री प्रहलाद रजक (रजककार विकास बोर्ड, छत्तीसगढ़ शासन) ने कहा कि जीवन निर्माण में शिक्षा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसे ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल बखूबी निभा रहा है। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि वार्षिक उत्सव विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करता है और उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होता है । भाजपा कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र शर्मा ने कहा कि जिले की मेरिट सूची में ज्ञानोदय के विद्यार्थियों की उपस्थिति विद्यालय की गुणवत्ता को दर्शाती है। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने विद्यालय की शैक्षणिक, खेलकूद व सहशैक्षणिक गतिविधियों की सराहना की।

### संस्कृति, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक संदेशों से सजी प्रस्तुतियां

उत्सव का शुभारंभ गणेश वंदना और कृष्ण भजन से हुआ। इसके बाद सरस्वती वंदना, देशभक्ति, जल संरक्षण, सामाजिक मूल्यों, भारतीय संस्कृति और समसामयिक विषयों पर आधारित नृत्य, नाटक और गीतों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य, दक्षिण भारतीय, मराठी, राजस्थानी नृत्य, फ्यूजन डांस, भक्ति गीत, देशभक्ति गीत और सामाजिक जागरूकता से जुड़े नाटकों के माध्यम से प्रभावशाली संदेश दिया। स्वस्थ जीवन, स्वच्छ भारत, नकल विरोध, पर्यावरण संरक्षण, मोबाइल के दुरुपयोग जैसे विषयों पर प्रस्तुत नाट्य मंचन विशेष रूप से सराहे गए।

### मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा 2025 में विभोर वर्मा द्वारा प्रदेश में 6वां स्थान अर्जित करने पर विद्यालय द्वारा प्रतीक चिन्ह एवं 21,000 की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया गया, साथ ही कक्षा 11वीं-12वीं की पढ़ाई निशुल्क करने की घोषणा की गई। 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले तथा कक्षा 12वीं में विभिन्न संकायों में प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को भी अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। अंत में विद्यालय के डायरेक्टर अविनाश तिवारी ने सभी अतिथियों, पालकों, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पार्षदों, शिक्षाविदों सहित लगभग 6000 दर्शक उपस्थित रहे।

# नवनियुक्त जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल से की भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल से मुलाकात कर अपने नवीन दायित्व के लिए आभार प्रकट किया,यह भेंट केवल औपचारिक नहीं, बल्कि जिले की महिला राजनीति को नई धार देने वाला संदेश मानी जा रहा है।

इस अवसर पर मंत्री दयाल दास बघेल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन महिलाओं के बल पर मजबूती से खड़ा है और आने वाले चुनावों में महिला मोर्चा निर्णायक भूमिका निभाए,उन्होंने कहा कि प्रज्ञा निर्वाणी जैसी अनुभवी जमीनी कार्यकर्ता के नेतृत्व में महिला मोर्चा बेमेतरा में विपक्ष के हर भ्रम और झूठी राजनीति का करारा जवाब देगा तथा केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुँचाने वाला साबित होगा,मंत्री बघेल ने यह भी कहा कि भाजपा महिला मोर्चा केवल कार्यक्रमों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि सामाजिक सरोकार, महिला सुरक्षा, स्वावलंबन और राष्ट्रवादी विचारधारा को लेकर आक्रामक जनसंपर्क अभियान भी चलाए ।

■ भाजपा महिला मोर्चा बेमेतरा में नई ऊर्जा के साथ सक्रिय

महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि यह दायित्व उनके लिए पद नहीं, बल्कि जनसेवा और संगठनात्मक संघर्ष का संकल्प है। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा बेमेतरा में हर बूथ पर सक्रिय रहकर विपक्ष की नकारात्मक राजनीति को बेनकाब करेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों को महिलाओं की आवाज़ बनाएगा। भेंट के दौरान आगामी चुनावों, संगठन विस्तार, महिला मतदाता संवाद और विशेष जनसंपर्क अभियानों को लेकर रणनीतिक चर्चा भी हुई ।

## श्रीमद्भागवत कथा में भगवान शंकर और सती की सुनाई कथा

# श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मनुष्य के कई जन्मों के पापों का क्षय हो जाता है : पं. दुबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला



ग्राम बारगांव में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तीसरा दिन शनिवार को कथावाचक आचार्य पंडित खिलेंद्र दुबे (खमतराई वाले) ने श्रीमद्भागवत कथा में भगवान शिव और सती की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मनुष्य के कई जन्मों के पापों का क्षय हो जाता है।

हमें भागवत कथा सुनने के साथ साथ उसकी शिक्षाओं पर भी अमल करना चाहिए। कथावाचक पंडित खिलेंद्र दुबे ने बताया कि सती माता के पिता राजा दक्ष ने घर में यज्ञ का आयोजन किया, लेकिन उन्होंने अपनी बेटी सती और दामाद शिव भगवान को नहीं बुलाया। जब चंद्रमा व अन्य देवता दक्ष के घर जाने लगे तो उन्हें रास्ते में सती माता मिली। उन्होंने सती माता से पूछा कि क्या वह अपने पिता के इस समारोह में नहीं जा रही हैं। उन्होंने जाकर भोले नाथ से कहा कि वह भी अपने पिता के घर में हो रहे यज्ञ में जाना चाहती है। भगवान शिव में माता सती को समझाया कि उन्होंने जब हमें बुलावा नहीं दिया है तो वह कैसे जा सकते हैं। माता सती जिद कर बिना शिव की आज्ञा से यज्ञ में चली गईं। वहां पर जब माता सती गई तो किसी ने उनका आदर नहीं किया। इसके बाद उन्होंने यज्ञ में कूद कर अपनी जान दे दी। बाद में शिव भगवान माता के मृत शरीर को कंधे पर उठा कर चले तो उनके अंग हिमाचल में गिरा दिए। जिन स्थानों पर माता के अंग गिरे वहां पर वर्तमान में देवी के शक्ति पीठ बने हैं।

### 24 को होगा रूखमणी विवाह

22 दिसंबर को गजेंद्र मोक्ष, रामअवतार कृष्ण जन्म, 23 दिसंबर को नंद महोत्सव, बाललीला, गोवर्धन लीला, 24 दिसंबर को श्रीकृष्ण-रूखमणी विवाह होगी। वहीं 25 दिसंबर को सुदामा चरित्र, 26 दिसंबर को गीता सहसधारा, तुलसी वर्षा व हवन पूर्णाहुति होगी।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 1042. राजू साहू पिता\पति चंद्रकांत साहू पता- डूमर तालाब रायपुर 1043. यामिनी देवांगन पिता\पति श्री जितेन्द्र देवांगन पता - न्यू चंगोरा भाटा रायपुर 1044. संस्कृति सोनकर पिता\पति संदीप सोनकर पता- सत्ती मंदिर सोनकर पारा पुरानी बस्ती रायपुर 1045. एश्वर्या देवांगन पिता\पति मनोज देवांगन पता - भीम नगर 1046. केशव देवांगन पिता\पति श्री प्रशांत देवांगन पता - रायपुर टिकरापारा 1047. श्रीमति सुषमा साहू पिता\पति स्व. श्री वी. आर. साहू पता-पोटिया कला न्यूज़ मिनाक्षी नगर दुर्ग, 1048. निशा प्रसाद पिता\पति राजपत प्रसाद पता-दुर्ग, 1049. कली राम यादव पिता\पति श्री प्रसादी राम यादव पता-बैगा पारा दुर्ग, 1050. योगेश सिंह राजपूत पिता\पति लतेल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, 1051.लक्ष्य पटेल पिता\पति श्री दुर्गेश पटेल पता-पटेल पारा उरला दुर्ग, 1052. रेवा राम यादव पिता\पति कन्हर यादव पता-कसारीडीह दुर्ग, 1053. देवेन्द्र कुमार साहू पिता\पति भिखम साहू पता-गातापार बेल्हारी दुर्ग, 1054. रामदास मानिकपुरी पिता\पति स्व. बिसम्भर दास पता-टेमरी सुरमा दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 1055. प्रांजल वर्मा पिता/पति - संतोष कुमार वर्मा पता - सरगुजा 1056. सुनील मुंडा पिता/पति - राम रतन मुंडा पता- सरना पारा 1057. अनिल कुमार अग्रवाल पिता/पति- निरंजन अग्रवाल पता- जोड़ा पीपल अम्बिकापुर 1058. मेधा गोयल पिता/पति - आयुष गोयल पता - भैयाथान सूरजपुर 1059. ज्ञानेश्वरी एक्का पिता/पति- छबि लाल एक्का पता- बलरामपुर 1060. सना आफ़रीन पिता/पति- अमीन अख्तर पता- जरहागढ़ महामाया रोड 1061. मालवाती सिंह पिता/पति- जगत सिंह पता -नमनकला सटीक पार1062. पंकज राज भगत पिता/पति- इदर साय भगत पता - नायपार फूँदडीह अम्बिकापुर 1063. अलफिया फातिमा सिद्दीकी पिता/पति- मकसूद अहमद पता - बरेजपारा सदर रोड लक्ष्मी चौक 1064. बेनेदीक तिर्की पिता/पति - एलबस तिर्की पता - तुलसी चौक गंगापुर अम्बिकापुर 1065. श्रीमती सीमा केडिया पिता/पति- अजय कुमार केडिया पता - देवीगंज रोड अम्बिकापुर 1066.दीपमाला कुशवाहा पिता/पति - रोशन लाल कुशवाहा पता - केदारपुर अम्बिकापुर 1067. ऋचा दुबे पिता/पति - केनाबन्ध बौरिपारा अम्बिकापुर 1068. सिकंदर दास पिता/पति -मणिपुर चौक अम्बिकापुर 1069. स्नेह लता मेहता पिता/पति - कन्या परिसर रोड कमल भवन अम्बिकापुर 1070. नमन मिश्रा पिता/पति- राजेन्द्र कुमार मिश्रा पता - शीतल किरना स्टोर के पास गंगापुर 1071. रीता केरकेटा पिता/पति- राजेश बरवा पता - गंगापुर स्कूल पारा अम्बिकापुर 1072. वासु गुप्ता पिता/पति - महेंद्र प्रसाद गुप्ता पता - ब्रहम रोड सती पारा अम्बिकापुर 1073. आदिती पिता/पति- रिंकू पता - केंटीन दफई हरदी बाड़ी 1074. ममता मिश्रा पिता/पति - कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1075. हारून रसीद पिता/पति - मुस्ताक अहमद पता- वार्ड- 36, महामाया रोड 1076. प्रवीण कुमार मिश्रा पिता/पति -कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1077. शिवंशी सिन्हा पिता/ पति - शिव प्रकाश सिन्हा पता - शीतल वार्ड - 32, अम्बिकापुर 1078. आदित्य एक्का पिता/पति - मंगल एक्का पता - सूरजपुर बस स्टैन्ड 1079. पूनम फातिमा पिता / पति - शिवनाथ पता - अम्बिकापुर 1080. राजकुमार वैष्णव पिता/पति- भगत वैष्णव पता - गंगापुर अम्बिकापुर 1081. अशोक कुमार भगत पिता/पति - भुनेश्वर राम भगत पता - नमनकला राज मोहनी देवी वार्ड ,**भोपाल संस्करण** 1082. अब्दुल लतीफ खान पिता\पति - अनीस उर रहमान कसेरापुरा शाहजानाबाद भोपाल,1083.दिशा जैतवाल पिता\पति–दीपक जैतवाल बैरागढ़कला, 1084. दीपक चौकसे पिता\पति - जमना प्रसाद11लाम्बाखेड़ा, 1085. प्रेम शंकर कोरी पिता\पति - दुर्गा प्रसाद कोरीबाग मुगलिया श्रीराम नगर, 1086. तालिका पटेल पिता\पति - कमलेश पटेल मकान न. 36 नई बस्ती बाग मुगलिया, 1087. सिदरा खान पिता\पति - इजराइल खान193 नयापुरा पंचशील नगर, 1088. आकृति सेन पिता\पति - सुरेन्द्र सेन चार इमली भोपाल, 1089. आदित्य शर्मा पिता\पति - सोमेश शर्मा कृषक नगर, 1090. नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगर करोद भोपाल, **जबलपुर संस्करण-** 1091. संजय नामदेव पिता\पति - स्वर्गीय राम मिलन नामदेव निगवानी रोड कोतमा वार्ड नंबर 4, 1092. स्मृति द्विवेदी पिता\पति - श्री आलोक नारायण द्विवेदी अनूपपुर वार्ड नंबर 13, 1093. मीमांशा सनादय पिता\पति - प्रणय कुमार शर्मा वार्ड नंबर 9 जैतहरी मार्ग अनूपपुर, 1094. गौरी सोनी पिता\पति - श्री बाला प्रसाद सोनी कोतमा, 1095. आयुष साहू पिता\पति - श्री अजय साहू जबलपुर, 1096. सोनू साहू पिता\पति - समदड़िया ग्रीन सिटी विजयनगर, 1097. अमर चौधरी पिता\पति - आसाराम चौधरी मकान नंबर 93 प्रेम सागर पुलिस चौकी के पास,1098. मकसूद अहमद बरेसपारा अम्बिकापुर 1099. अर्चना चौबे शंकर घाट अम्बिकापुर 1100. अजय कुमार पासवान बनारस रोड गांधीनगर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि